# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872–263188 ई–मेल : ydpgcollege@gmail.com

दिनांक : 22.09.2026

## अति महत्वपूर्ण सूचना

लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रांक– AF-15549 दिनांक 21.09.2026 के द्वारा प्राप्त निर्देशों के कम में महाविद्यालय में सत्र 2026–27 में स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समस्त प्रवेशित छात्र/छात्राओं को Samarth Portal पर LURN Registration Login ID एवं Password के माध्यम से Online Admission Application की प्रकिया अनिवार्य रूप से दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण की जानी है।

अतः समस्त छात्र/छात्रायें उक्त प्रकिया अनिवार्य रूप से दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कर फार्म की एक प्रति शुल्क रसीद संलग्न करते हुए महाविद्यालय में जमा करेंगे तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। उक्त प्रकिया पूर्ण न किये जाने वाले अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश Grant नहीं किया जायेगा, जिससे छात्र भविष्य में परीक्षा फार्म नहीं भर पायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा।

संलग्नक : विश्वविद्यालय पत्र ।

Hemant 22.09.26

प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL

यु0 द0 महाविद्यालय/Y.D.P.G. College

लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

CamScanner

University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
100 Years
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव
(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)
कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या AF-15549
दिनांक 21/09/26

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई),
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं द्वारा LURN Registration, Online Admission Application की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं के प्रवेश एवं शैक्षणिक अभिलेखों को विश्वविद्यालयीय पोर्टल पर सुव्यवस्थित रूप से दर्ज किए जाने के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि प्रत्येक संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा निर्धारित प्रक्रिया समयान्तर्गत पूर्ण की जाए।

इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अनिवार्य रूप से सूचित करें–

1. सर्वप्रथम छात्र–छात्रा अपने LURN Registration Login ID एवं Password के माध्यम से Samarth Portal पर अपना प्रोफाइल Login करें।
2. Login करने के उपरान्त "Apply Now" पर क्लिक कर Online Admission Application Form भरें।
3. अपने Programme Level (Under&Graduate/UG अथवा Post-Graduate/PG) एवं संबंधित पाठ्यक्रम (Programme) का चयन करें।
4. जिस सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश लिया जाना है, उस College का चयन कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करें।
5. अपनी Academic Details पूर्ण एवं सही रूप से दर्ज करें तथा निर्देशानुसार आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में Upload करें।
6. Upload किए गए समस्त विवरण एवं दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जाँच करें।
7. Online Admission Application Form का Preview देखकर यह सुनिश्चित करें कि दर्ज की गई समस्त जानकारी सही है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो Submit करने से पूर्व उसमें आवश्यक संशोधन कर लें।
8. समस्त जानकारी सही पाए जाने के उपरान्त Online Admission Application Form को Submit करें। Form Submit होने के पश्चात Application Form Generate होगा। छात्र–छात्रा इसक प्रिंट/सॉफ्ट कॉपी सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।

09. उपर्युक्त LURN Registration एवं Online Admission Application की सम्पूर्ण प्रकिया दिनांक 3 सितम्बर, 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

CamScanner

(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)
कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) INDIA

संख्या ........................................
दिनांक........................................

विशेष रूप से ध्यानाकर्षण

यह स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालय द्वारा अपने Samarth College Login के माध्यम से छात्र–छात्राओं के प्रवेश को Grant करने की प्रक्रिया तभी संपादित की जा सकेगी, जब संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा LURN Registration एवं Online Admission Application Form की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो। जिन छात्र–छात्राओं द्वारा LURN Registration/Online Admission Application की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई होगी, वे संबंधित महाविद्यालय के Samarth Login में प्रदर्शित नहीं होंगे और ऐसे छात्र–छात्राओं का प्रवेश Grant किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः समस्त प्राचार्य/प्राचार्या यह सुनिश्चित करें कि उनके महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र–छात्रा को उपर्युक्त प्रक्रिया एवं अंतिम तिथि के संबंध में समय से अवगत कराया जाए तथा निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए, जिससे प्रवेश संबंधी कार्यवाही में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

भवदीया,
Bmishra
(डॉ० भावना मिश्र)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ल०वि०।
3. अध्यक्ष/समन्वयक, प्रवेश, ल०वि०।
4. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

CS CamScanner